नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्
श्रम कल्याण विभाग
पालिका केन्द्र, नई दिल्ली

पत्रांकः D-494/LWO/15 दिनांकः 12/3/15

परिपत्र

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के कल्याण विभाग द्वारा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् में स्थायी 54 कर्मचारियों के लिए दिल्ली–आगरा–भरतपुर–अलवर (सरिस्का)–दिल्ली में **मार्च, *2015 के अंतिम सप्ताह (संभावित तिथिया)* में रोमांचकारी साहसिक एवं ट्रैकिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।**

यह कार्यक्रम केवल उन कर्मचारियों/अधिकारियों के लिये है, जो प्रथम बार इस रोमांचकारी साहसिक एवं ट्रैकिंग कार्यक्रम में भाग ले रहे है । जो पालिका कर्मी/अधिकारी निकट भविष्य में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनको वरीयता दी जाएगी । **इस संबंध में सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज आवेदन के साथ संलगन करें । जिन कर्मचारियों/अधिकारियों ने वर्ष 2010, 2011, 2012, 2013, 2014 एवं जनवरी–फरवरी–2015 के रोमांचकारी साहसिक एवं ट्रैकिंग कार्यक्रमों में भाग लिया है वे आवेदन नहीं कर सकते हैं । तथ्य छुपाने पर विभाग द्वारा आपेक्षित कार्यवाही की जायेगी । जो कर्मचारी/अधिकारी पूर्व में कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ट्रेकिंग कार्यक्रम में भाग ले चुके हैं और यदि वे इस कार्यक्रम में भी भाग लेना चाहते हैं, तो आवश्यक शुल्क पालिका कोष में जमा करवाने एवं अवकाश लेने के उपरान्त इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं ।**

उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले **इच्छुक स्थायी कार्यरत् कर्मचारी/अधिकारी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, साथ ही उच्च/निम्न रक्तचाप, मधुमेह एवं अस्थमा आदि** अन्य बीमारियों से ग्रसित न हों ।

कार्यक्रम पूरी तरह से साहसिक एवं रोमाचकारी है। कार्यक्रम में अनुशासन बनाये रखना आवश्यक है । इच्छुक कर्मचारी/अधिकारी अपना **आवेदन 12 वीं मंजिल कमरा नम्बर 1210 में दिनांक 20.3.2015 तक भिजवायें** । आवेदन का प्रारूप संलग्न है । उपरोक्त कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यक्रम के लिये 54 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर प्रतिभागियों का चयन लाटरी द्वारा किया जायेगा। चयन के पश्चात् विशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर अन्य किसी कारण से नाम ट्रैकिंग कार्यक्रम से वापस नहीं लिया जायेगा। चयन के पश्चात नाम वापस लेने वाले कर्मचारियो/अधिकारियों से रोमांचकारी साहसिक एवं ट्रैकिंग कार्यक्रम पर प्रति कर्मचारी परिषद् द्वारा दिल्ली पर्यटन विभाग को किया गया भुगतान, परिषद द्वारा वसूल किया जायेगा।

सोमनाथ
12/3

निदेशक (कल्याण)

प्रतिलिपिः

1. सभी विभागाध्यक्षों को ।
2. अध्यक्ष के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
3. सचिव के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
4. पालिका परिषद् के सभी सूचनापट्टों पर ।

S. प्र. मी. (IT) वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु ।

St. Aigayi P.I. upload 12/3/15 12/03/2015

निदेशक (कल्याण)
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद,
पालिका केन्द्र, नई दिल्ली – 110001

विषय : – नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा आयोजित रोमांचकारी एवं साहसिक कार्यक्रम में भाग लेने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

मैं परिषद् द्वारा निम्नलिखित आयोजित रोमांचकारी एवं साहसिक कार्यक्रम में भाग लेना चाहता / चाहती हूँ । मेरा विवरण निम्नवत् है : –

परिपत्र संख्या एवं दिनांक	:	
आयोजित रोमांचकारी एवं साहसिक कार्यक्रम का स्थान एवं दिनांक	:	
आवेदक का नाम	:	
पिता / पति का नाम	:	
जन्म तिथि एवं वर्तमान आयु	:	
पद एवं कर्मचारी कोड संख्या	:	
विभाग	:	
कार्यालय का पता एवं दूरभाष संख्या	:	
घर का पता एवं दूरभाष संख्या	:	

मैंने न.दि.न.पा. परिषद् द्वारा आयोजित रोमांचकारी एवं साहसिक किसी भी कार्यक्रम में पूर्व में भाग लिया है । (हॉ / नहीं)
मैंने परिषद् द्वारा पूर्व में आयोजित किसी भी रोमांचकारी एवं साहसिक कार्यक्रमों में भाग नहीं लिया है ।
मैं वचन देता हूँ कि उक्त विवरण सही है तथा मैं किसी प्रकार के मानसिक एवं शारीरिक रोग से पीड़ित नहीं हूँ । रोमांचकारी एवं साहसिक कार्यक्रम के दौरान मेरे द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा जो आपत्तिजनक हो और अनुशासन भंग की स्थिति में विभाग को नियमानुसार उचित कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा । किसी भी प्रकार की प्राकृतिक, दैविक, भौतिक आपदा / दुर्घटना के लिये नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एवं दिल्ली पर्यटन परिवहन विकास निगम की जिम्मेदारी नहीं होगी ।

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर

विभाग प्रभारी की संस्तुति
हस्ताक्षर एवं रबड़ मोहर सहित

स्थापना अनुभाग द्वारा प्रमाणित

श्री / श्रीमति / कुमारी.......................................द्वारा दिया गया उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदनकर्ता ....के पद पर कार्यरत है ।

अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
हस्ताक्षर एवं मोहर

एम.बी.बी.एस. चिकित्सक द्वारा प्रमाणित

श्री / श्रीमति / कुमारी....................................पुत्र / पुत्री / पत्नी / पति ....उपरोक्त लिखित साहसिक एवं रोमांचक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ है ।

चिकित्सक (एम.बी.बी.एस.)मोहर